टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED


# गंगावतरणम
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

अप्रैल–जून, 2019

## THDCIL *Celebrates* 32nd FOUNDATION DAY

स्थापना दिवस विशेषांक





# संपादकीय

प्रिय पाठको,

हमें इस बात की खुशी है कि आप सभी लोगों ने गृह पत्रिका गंगावतरणम् को सुरुचिपूर्ण, सुपाठ्य व आकर्षक बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी यह सहयोग मिलता रहेगा। ऐसी आशा करता हूँ कि पत्रिका के जनवरी–मार्च, 2019 अंक में प्रकाशित सामग्री आप सभी को सूचनाप्रद रही होगी तथा इसकी डिजाइन व कवर पृष्ठ की आकर्षकता भी लुभावनी लगी होगी।

देवभूमि उत्तराखंड के मौसम के अनुसार पत्रिका के विगत अंक को ढालने का प्रयास किया गया। उत्तराखण्ड के राजकीय फूल बुरांश को कवर पर स्थान दिया गया जिससे इसके महत्व को पाठकों को आकने का मौका मिले। वर्तमान अप्रैल–जून 2019 अंक में भी पहाड़ों में उगने वाले एक प्रमुख फूल ब्राह्म कमल को कवर पर स्थान दिया गया है। हमें पूर्ण उम्मीद है कि यह अंक भी पाठकों को सराहनीय लगेगा।

विगत अंक में महाप्रबंधक (सामाजिक व पर्यावरण) का साक्षात्कार प्रकाशित हुआ। इसमें विभाग से संबंधित लगभग सभी गतिविधियों को समायोजित कर प्रकाशित करने का प्रयास किया गया। ऐसी आशा है कि इस अंक से कारपोरेशन के सामाजिक उत्तरदायित्व के लिये किये जा रहें प्रयासों व कार्यों को जानने व समझने में सहायता मिलेगी।

वर्तमान अंक में महाप्रबंधक (कारपोरेट कान्ट्रैक्ट) का साक्षात्कार प्रकाशित है। इसमें हमारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिन–प्रतिदिन के कार्यों में टेण्डर आदि की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही महत्वपूर्ण परियोजनाओं के "कान्सेप्ट टू कमीशनिंग" की प्रक्रिया से हमारे अधिकारी व कर्मचारी अवगत हो सकेंगें।

भूतपूर्व राष्ट्रपति Dr. A.P.J. Abdul kalam ने ठीक ही कहा है कि –"Excellence is a continuous process and not accident" अतः हमें सदैव कतिपय परिवर्तन के साथ आगे बढ़ना है व गुणवत्ता को अपनाना है। पत्रिका को अधिक रूचिकर बनाने में आप सभी का सहयोग आपेक्षित है।

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
संपादक

# CONTENTS


Director (P) Message . . . . . . . . 1
CMD Message . . . . . . . . 2
MoU with MoP . . . . . . . . 4
MoU between THDCIL & RITES . . . . . . . . 5
SEWA THDC Presented CSR Coffee Table Book to Chief Secretary, Uttarakhand . . . . . . . . 6
World Environment Day . . . . . . . . 7
International Yoga Day . . . . . . . . 8
1st CSR day, 2019 . . . . . . . . 10
32nd Foundation Day Celebrations . . . . . . . . 12
In conversation with GM(CC) . . . . . . . . 18
Ladies Club Annual Function. . . . . . . . 22
Activities of Officer's Club . . . . . . . . 24
World Anti-Tobacco Day . . . . . . . . 25
CSR Activities . . . . . . . . 26
Meditation Program . . . . . . . . 28
Medical Health Camp . . . . . . . . 29
Agnishaman Divas in Koteshwar. . . . . . . . 31
Swatchhta Pakhwada . . . . . . . . 32
Suggestion Mela . . . . . . . . 34
Welcome of Sh. Badoni in Tehri . . . . . . . . 35
Retirement List. . . . . . . . 36
Students Achievement . . . . . . . . 37



सम्पादक मंडल

**मुख्य संरक्षक**
श्री डी.वी. सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक

**संरक्षक**
श्री विजय गोयल
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
डॉ. ए.एन. त्रिपाठी
उप–महाप्रबंधक
(कार्मिक–नीति व का.स.)

**संयुक्त संपादक**
श्री कपिल देव प्रसाद दूबे
वरिष्ठ प्रबंधक (कारपोरेट संचार)

**समन्वयक**

**ऋषिकेश**
श्री जाकिर हुसैन
वरि. ज.स. अधिकारी

**कोटेश्वर**
श्री आर.डी. ममगाई
वरि. ज.स. अधिकारी

**कौशाम्बी**
श्री बी.एस. चौहान
जनसम्पर्क अधिकारी

**टिहरी**
श्री मनबीर नेगी
उप प्रबंधक (जनसम्पर्क)

**वीपीएचईपी**
श्री बी.एस. उनियाल
वरि. ज.स. अधिकारी

**ढुकवा**
श्री दिनेश वर्मा
वरि. प्रबंधक (कार्मिक)

# निदेशक (कार्मिक) की कलम से...



**प्रिय साथियों,**

हम सभी के लिये यह प्रसन्नता की बात है कि 12 जुलाई को कार्पोरेशन का 32वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। आप सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई। कॉरपोरेशन की संवाद वाहिनी गृह–पत्रिका गंगावतरणम् में अपने विचार अभिव्यक्त करने में सदैव ही आनन्द का अनुभव होता है। यह पत्रिका एक दर्पण की तरह है। इसमें प्रकाशित विषय सामग्री को पढ़कर कॉरपोरेशन की प्रबंधन नीति का आकलन किया जा सकता है। टीएचडीसी प्रबंधन सदैव ही अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों के लिए हितपरक नीतियां अपनाने का प्रयास करता है।

Mervyn King us Chairman King Report में ठीक ही कहा है कि– "Organisations need to practice Qualitative Corporate Governance rather than quantitative governance thereby ensuring it is properly run."- and "You cannot legislate good behaviour." इस प्रकार आपकी कॉरपोरेशन मानवीय आधार पर सामाजिक व आर्थिक उत्थान की दिशा में भी अग्रसर है।

कॉरपोरेशन विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण, संरक्षण व संवर्द्धन के लिए तत्पर है। इसके साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों के सुखद भविष्य उत्तम स्वास्थ्य के प्रति भी सजग है। उनके मनोरंजन व बहुआयामी विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस दौरान 30 मई को सर्वश्रेष्ठ हास्य कलाकार प्रतियोगिता तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें तैराकी, घुड़सवारी प्रमुख रही। यह खेल कूद प्रतियोगितायें निश्चित ही बच्चों के विकास में सहायक होगी। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग–दिवस पूरे जोश से कारपोरेशन में मनाया गया। इस तारीख से पूर्व में ही अनेक कार्यक्रम योग को बढ़ावा देने के लिये किये गये। प्रबंधन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 6 से 13 जून तक सुझाव मेला आयोजित किया गया। इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुऐ हैं। प्रबंधन महत्वपूर्ण सुझावों को लागू करने पर विचार करेगा।

कारपोरेशन में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य हो रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि 9 मई को कारपोरेशन द्वारा CSR Day मनाया गया। टीएचडीसी की यह पहल देश के किसी भी अन्य प्रतिष्ठान से आगे है। इस दौरान सितारगंज के सामुदायिक अस्पताल हेतु डिजिटल एक्सरे मशीन सेवा–टीएचडीसी द्वारा उपलब्ध करायी गयी। एक लाख सैनेटरी नैपकिन्स का वितरण 28 मई 2019 को कराया गया। कुमारी अमिता चौहान को रूपये तीन लाख की आर्थिक सहायता माउन्टेनियरिंग के लिये दी गयी थी। यह सहायता व्यर्थ नहीं गयी। 23 मई 2019 को सुश्री अमिता चौहान ने माउन्ट ऐवरेस्ट (Mount Everest) पर 8:20 बजे प्रातः 29029 फिट/8848 मीटर की उंचाई पर भारत का ध्वज फहराया। इस प्रकार आप की कारपोरेशन बिजली उत्पादन के साथ ही राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर खेल कूद, माउन्टेनियरिंग आदि को भी बढ़ावा दे रही है तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी सजग है।

टिहरी जिले के 40 गांवों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए टेली मेडिसिन कंसेप्ट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान व निर्मल आई इंस्टीटयूट ऋषिकेश के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस दौरान अनेक कृषक गोष्ठियां व फीडबैक मीटिंग का आयोजन विभिन्न एनजीओ के सहयोग से किया गया। टिहरी एजुकेशन सोसाईटी के माध्यम से टिहरी में इंटर कालेज व ऋषिकेश में हाईस्कूल चलाये जा रहे हैं। इनमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार के 800 से अधिक बच्चों को यूनिफार्म, बुक्स, स्टेशनरी व नैवेद्यम उपलब्ध कराया जा रहा है।

मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों के विकास के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इनमें Management Development Programme (17-21 June at IIM Indore), Executive Trainees, 2018 के लिए ISO Awareness Programme (24-26 April, 2019), Learing through Theatre Module (12-20 April,2019), Structured Experiencial Programme (02 April at Dehradun), Motivation Team Building & Leadership Programme (03-05 April), Mentoring, Coaching, Guiding & Hand Folding Programme (08-10 April,2019), Creativity & Innovation Programme (24-25 June,2019) आदि का उल्लेख किया जा सकता है।

अभी हाल में ही विभिन्न बोर्डों की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुये हैं जिनमें हमारे अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किये हैं। अनेक बच्चों ने विविध विधाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर अच्छे संस्थानों में प्रवेश लिया है। मैं सभी बच्चों को तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हू तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। कॉरपोरेशन में अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है, उन्हें हार्दिक बधाई।

हमें सदैव कुछ महत्वपूर्ण व अच्छा करने के लिये प्रयासरत रहना है। मार्ग में आने वाली अड़चनों को दूर करना है। हमें इस बात से सीख लेनी चाहिये कि टिहरी एचपीपी, टिहरी बांध व कोटेश्वर बांध के निर्माण में अनेक अड़चने आई परन्तु, अंततः हम सफल रहे। इसी प्रकार अन्य परियोजनाओं की अड़चनों को भी दूर करने में सफल होंगे। इस ध्येय से हम सभी को अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहना है। Dr. A.P.J. Abdul Kalam, ( Former President of India) ने ठीक ही कहा है:– "We should not give up and we should not allow the problem to defeat us."

सधन्यवाद,

भवदीय

विजय गोयल



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का 32वें स्थापना दिवस पर संदेश

**प्रिय साथियों, देवियों एवं प्यारे बच्चों,**

मैं सहर्ष आप सभी को कारपोरेशन के 32वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई देता हूँ। 12 जुलाई, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है; क्योंकि वर्ष 1988 में इसी दिन कारपोरेशन का गठन भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त उपक्रम के तौर पर क्रमशः 75 व 25 प्रतिशत पूंजी अनुपात की सहभागिता में टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के नाम से किया गया था। प्रारंभ से ही कॉरपोरेशन के गठन का उद्देश्य **"बहुजन हिताय–बहुजन सुखाय"** रहा, जिसके अंतर्गत 2400 मेगावाट की टिहरी काम्पलेक्स परियोजना का Construction, Maintenance and Operation करना था। 1988 से 2019 तक के लम्बे समयान्तराल में कारपोरेशन के बहुआयामी विकास व व्यवसाय क्षेत्र में diversification के फलस्वरूप 06 नवंबर, 2009 से कारपोरेशन का नाम परिवर्तित कर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड हो गया है।

परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। परिवर्तन के साथ ही विकास की धुरी भी अग्रसर रहती है। स्थापना दिवस हमें अपनी व कारपोरेशन की उपलब्धियों के मूल्यांकन का सुखद अवसर प्रदान करता है। इस सुअवसर पर मैं कारपोरेशन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के साथ ही भविष्य की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करना आवश्यक समझता हूँ। यह हमें अपने कॉरपोरेट मूल्यों Zeal to excel and Zest for Change के अनुसार आगे बढ़ने में सहायक होगा।

मुझे आप सभी को यह बताते हुये हर्ष हो रहा है कि PIB Clearance व CCEA की संस्तुति के बाद 9 मार्च, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर– कमलों द्वारा 1320 मेगा वाट क्षमता की महत्वाकांक्षी खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यास किया गया। भारत सरकार द्वारा 7 मार्च 2019 को इस परियोजना के लिए Investment Approval दे दी गयी है, जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा में स्थित थर्मल प्लांट के लिए लगभग 11,100 करोड़ रूपये तथा मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित Amelia Coal Mine के विकास हेतु लगभग 1590 करोड़ रूपये खर्च करने की संस्तुति प्रदान की गयी है। टीएचडीसी की परियोजनाओं के लिए अब तक मिली किसी भी संस्तुति में यह सबसे बड़ी धनरशि की Investment Approval है। खुर्जा परियोजना के लिए 4223 करोड़ रूपये लागत की Steam Generator व Associated Packages जिसमें Site Leveling भी सम्मिलित है तथा 1815 करोड़ रूपये लागत की Turbine Generator and Associated Packages के लिये निविदायें International Competitive Bidding Mode से अप्रैल 2019 में प्राप्त हो चुकी हैं। Steam Generator Package की Techno Commercial Evaluation Report तैयार है तथा संबधित Price Bid शीघ्र ही आमंत्रित की जायेंगी। इन 02 प्रमुख Plant Packages को अगस्त 2019 तक अवार्ड किया जाना है। 1280 करोड़ रूपये लागत के पांच BOP पैकेजों में से तीन पैकेजों के लिये निविदायें आमंत्रित की जा चुकी हैं तथा अन्य दो के लिये भी निविदायें आमंत्रित किये जाने की Advance स्टेज में हैं और इन पांचों पैकेजों को दिसम्बर 2019 तक अवार्ड किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

Amelia Coal Mine की परिधि में आने वाली Powergrid की 03 प्रमुख Transmission Lines को 100 करोड़ रूपये की लागत से हटाने के लिए THDCIL व Powergrid के

मध्य समझौता ज्ञापन सम्पादित कर लिया गया है। इससे कोयला खनन सुचारू और नियोजित ढंग से हो सकेगा तथा कोयला खदान की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जा सकेगा। सिंगरौली, मध्य प्रदेश स्थित Amelia Coal mine से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में स्थित खुर्जा परियोजना तक कोयला ट्रांसपोर्ट करने के लिये Railway Siding के लिए 14 मई, 2019 को RITES के साथ समझौता किया गया है। RITES, Construction Services for Detailed Engineering (DE) and Project Management का कार्य करेगी। इस कार्य पर consultancy हेतु 26.20 करोड़ रूपये तथा Railway Siding के निर्माण में 335 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से 8.4 मिलियन टन कोयला प्रतिवर्ष उत्खनन के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस परियोजना से उत्पादन प्रारम्भ करने के लिये सितम्बर, 2020 की समय सीमा निर्धारित की गयी है। Forest Advisory Committee की 12 दिसम्बर, 2018 को सम्पन्न हुई तीसरी बैठक में सैद्धान्तिक तौर पर 843.76 हैक्टेअर वन भूमि अमेलिया कोल माईन को देने का निर्णय लिया गया है।

CEA द्वारा 28 फरवरी, 2019 को जारी आंकडे के अनुसार देश में कुल उत्पादित विद्युत की संस्थापित क्षमता 3,50,162 मेगा वाट है। इसमें हाइड्रो सेक्टर का योगदान मात्र 13 प्रतिशत ही है, जो आदर्श थर्मल–हाइड्रो अनुपात से काफी कम है। क्योंकि कॉरपोरेशन का मूल व्यवसाय क्षेत्र हाइड्रो पावर है इसलिए हाइड्रो से उत्पादित विद्युत का गिरता प्रतिशत हम सभी के लिये चिंता का विषय है। भारत सरकार भी देश में हाइड्रो सेक्टर से उत्पादित विद्युत के गिरते प्रतिशत को उबारने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार द्वारा इसी वर्ष मार्च माह में लागू की गयी हाइड्रो पालिसी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पालिसी के सकारात्मक परिणाम आगामी कुछ वर्षों में अवश्य ही दिखाई देंगे।

1000 मेगावाट की टिहरी पीएसपी, 444 मेगा वाट की वीपीएचईपी व 24 मेगा वाट की ढुंकवा लघु जल विद्युत परियोजना को कमीशन करके कारपोरेशन हाइड्रो पावर उत्पादन के क्षेत्र में अपना योगदान 1400 मेगावाट से 2468 मेगावाट तक बढ़ाने की ओर अग्रसर है। यह चिंता का विषय है कि टिहरी परियोजना के द्वितीय चरण में टिहरी पी.एस.पी. व विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के कार्य विभिन्न कारणों से समय से पीछे चल रहे हैं। इन परियोजनाओं पर निर्माण कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए निगम प्रयासरत है।

वर्ष 2006–07 में टिहरी बांध एवं 1000 मेगा वाट की टिहरी एच.पी.पी. व वर्ष 2011–12 में 400 मेगा वाट की कोटेश्वर परियोजना की कमीशनिंग के बाद से ही कॉरपोरेशन लगातार लाभ अर्जित कर रही है। शीघ्र ही ढुंकवा लघु जल विद्युत परियोजना की प्रथम यूनिट की कमीशनिंग कर ली जायेगी। वित्तीय वर्ष 2018–19 में कॉरपोरेशन के लिए हाइड्रो व पवन ऊर्जा परियोजनाओं को मिलाकर कुल 4590 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था। जिसके सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य से अधिक कुल 4688 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया। पाटन व द्वारका विंड पावर फार्म से मई 2019 तक 643 मिलियन यूनिट Clean and Green Energy के उत्पादन से 270 करोड़ रूपये रेवेन्यू अर्जित हुआ। इसके अतिरिक्त Generation Based Incentives से लगभग 25 करोड़ रूपये की आय हुई।

हम सभी को पूर्ण मनोयोग व तन्मयता के साथ अपने–अपने लक्ष्यों की ससमय पूर्णता के लिए प्रयास करने होंगे जिससे कारपोरेशन के लक्ष्यों को भी समय के साथ पूरा किया जा सके। हमें टिहरी पी.एस.पी. व विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में अभी तक हुए समय की क्षति की भरपायी अपने अथक और अतिरिक्त प्रयासों से करनी होगी। इन परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए हमें अपनी कार्यशैली तथा मनोदशा में बदलाव लाकर Innovative Ideas का समावेश करने की आवश्यकता है। भविष्य में हमें खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना को समय से पूर्ण करने के लिये कार्यान्वयन में तेजी लानी होगी जिससे हाइड्रो के साथ ही थर्मल पावर उत्पादन में भी टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड शीघ्रताशीघ्र अपना योगदान दे सके तथा कारपोरेशन सफलता के नये शिखरों की नई ऊँचाइयों को स्पर्श कर सके।

धन्यवाद,

**जय हिन्द।**

**डी.वी. सिंह**
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

# THDC India Limited inks MOU with Ministry of Power for the Year 2019-20




THDC India Limited (THDCIL) signed a Memorandum of Understanding (MOU) defining the Performance Guarantee Parameters for the financial year 2019-20 with Ministry of Power (MOP) at New Delhi on 26.06.2019. On behalf of Ministry of Power, Sh. Ajay Kumar Bhalla, Secretary (Power), Govt. of India and on behalf of THDCIL, Sh. D.V. Singh, CMD signed the MOU in the presence of Sh. Anirudh Kumar, Joint Secretary (Hydro), MOP, Sh. Sunil Gautam, Director(Hydro), MOP, Sh. U.C Kannaujia, GM(NCR), THDCIL, Sh. R.N. Singh, GM(SP) & other senior officials of MOP & THDCIL.

Since the commissioning of its first project viz. Tehri Dam & Hydro Power Plant (THPP-1000 MW) a multipurpose project on the river Bhagirathi in 2006-07 and Koteshwar HEP (400 MW) in 2011-12, THDCIL is a profit making organization and has generated 4687.78 MU energy till 31st March 2019. Tehri Dam project started with the status of a project of 'National Significance' during its planning stage and was successfully commissioned in spite of stringent opposition during its implementation.

In Renewable Sector the Corporation has successfully Commissioned 02 Wind Power Projects in 2016-17 (50MW Patan & 63 MW Dwarka in Gujarat) registering its presence in Western Region of the country.

THDCIL is one of the premier power generators in Hydro sectors of the country with installed capacity of 1513 MW with commissioning of Tehri Dam & HPP (1000MW), Koteshwar HEP (400MW) and Wind Power Projects of 50MW at Patan & 63MW at Dwarka in Gujarat to its credit.

# MoU between THDCIL & RITES



*Sh. U.C. Kannaujia, G.M. (NCR), THDCIL and Sh. G.L. Goel, Group G. M. (RPO-North), RITES Limited exchanging MoU documents*

THDC India Ltd. has entered into a Memorandum of Understanding (MoU) with RITES Limited, a Govt. of India Enterprise under the Ministry of Railways on 14th May, 2019 for "Consultancy Services for Detailed Engineering (DE) and Project Management Consultancy (PMC)" for the proposed Railway Siding of Khurja Super Thermal Power Project (3X660 MW) in District Bulandshahr (UP).The MoU was signed at THDC India Limited, NCR office Kaushambi by Shri U.C. Kannaujia, General Manager (NCR), THDC India Ltd. and Shri G.L. Goel, Group General Manager (RPO-North), RITES Limited. Shri Sanjay Singhal, AGM (Coal/Railway Siding) and Shri Brij Mohan Singh, Sr. Engg. (Railway Siding) from THDCIL and Shri Sushil Prasar, AGM from RITES were also present on the occasion.

**THDCIL Signed the MoU with RITES for development of rail infrastructure in the Khurja STPP plant area as well as connectivity with the main line of Indian Railway network.**

As the Khurja Super Thermal Power Plant will require coal as its main fuel source, so to get Coal from Amelia Coal Mine, Singrauly (MP), a dedicated Railway Siding is being developed at Khurja Project. THDCIL has signed the MoU with RITES for development of rail infrastructure in the plant area as well as connectivity with the main line of Indian Railway network. THDCIL is committed for the development of the Rail infrastructure before the commissioning of Khurja STPP.

# SEWA THDC Presented CSR Coffee Table Book to Chief Secretary, Uttarakhand



*Sh. H.L. Bharaj, ED, THDCIL (front right) handing over Booklet to Sh. Utpal Kumar Singh, Chief Secretary Uttrakhand (left)*

Executive Director, THDCIL Sh. H. L. Bharaj met Chief Secretary, Uttarakhand Sh. Utpal Kumar Singh on 15.05.2019 and apprised him about details of CSR works being done by THDC in its main functional area of Tehri distt. In view of limited CSR funds with THDC and growing expectations of Project affected families and society at large, the joint partnership projects being done by THDC in Tehri distt. & rehabilitation colonies wise was also explained to the Chief Secretary.

Greetings of gratitude from CMD, THDC Sh. D.V. Singh were also conveyed to Chief Secretary, along with best practices details and year wise CSR spending by THDC.

A copy of **'10 years of enlightening lives'**, recently released by Dr. Madhukar Gupta, Addl. Sec. D.P.E., GoI on first CSR day celebration (at Rishikesh on 09.05.2019) was also handed over to Chief Secretary by Executive Director Sh. H.L. Bharaj.

THDC has so far spent CSR funds of Rs. 158 Cr, out of which more than 90% are spent in Tehri distt. and Project affected areas. More than 60 % of annual CSR budget is spent on GoI theme based CSR in Health & Education. In convergence of farming, dairy development, agriculture, horticulture, THDC has brought in 810 Lacs of funds in addition to 2 % CSR of THDC. It was explained that in Education, 3 schools at Tehri project/ Koteshwar project and Rishikesh having **882** needy and under privileged students are availing free dress, books, shoes, midday meal etc and have **6 Cr. annual liability** apart from furniture to **222 Schools** of Tehri distt. delivered. Convergence in health care camps with help of THDC doctors, AIIMS doctors, Nirmal Eye doctors are regularly done in consultation with distt. administration in addition to one allopathic dispensary and 5 homeopathic dispensaries, altogether have recorded **7,91,704 OPDs** so far in Tehri / Koteshwar and Rishikesh. In convergence of farming, dairy development, agriculture, horticulture, THDC has brought in 810 Lacs of funds in addition to **2 % CSR of THDC**. Chief Secretary took very keen interest in THDC CSR & congratulated THDC leadership for '10 years of Enlightening Lives' booklet & encouraged to push social benefits to needy & Project affected families of Tehri distt. in liason with distt. admin / govt. agencies.

> THDC has so far spent CSR funds of Rs. 158 Cr, out of which more than 90% are spent in Tehri distt. and Project affected areas. More than 60 % of annual CSR budget is spent on GoI theme based CSR in Health & Education. In convergence of farming, dairy development, agriculture, horticulture, THDC has brought in 810 Lacs of funds in addition to 2 % CSR of THDC

# विश्व पर्यावरण दिवस
## पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध टीएचडीसी

### ऋषिकेश

सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग ऋषिकेश द्वारा सतत आजीविका विकास केन्द्र, जोली ग्राट, भानियावाला में दिनांक 05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित किया गया।

इसका उद्घाटन श्री मोहन सिंह गॉववासी (स्वतंत्र निदेशक), श्री एच.एल. अरोड़ा (निदेशक–तकनीकी), श्री एच.एल. भारज (अधिशासी निदेशक), श्री सच्चिदानंद भारती (पर्यावरणविद्) एवं श्री जगत सिंह जंगली (पर्यावरणविद्) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

श्री एच.एल. भारज द्वारा उक्त सभी पर्यावरण प्रेमियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। श्री भारज द्वारा यह अवगत करवाया गया कि समस्त मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत रहते हुए वायु को स्वच्छ रखने हेतु





महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए। वायु प्रदूषण के रोकथाम हेतु स्वच्छ–इंधन का प्रयोग, वाहनों का संतुलित उपयोग, जन–परिवहन का उपयोग, वृक्ष संरक्षण आदि के लिए कदम उठाने चाहिए।

**श्री मोहन सिंह गॉववासी, श्री सच्चिदानंद भारती एवं श्री जगत सिंह जंगली द्वारा उपस्थित जन मानस से अनुरोध किया गया कि वे कचरे को न जलायें, उनका सही निस्तारण करें, बढ़ चढ़ कर पौधारोपण करें, सौर ऊर्जा उपकरणों को अपनाएं और प्राण वायु को स्वच्छ रखने में भागीदार बनें।**

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा भी वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु रंगारंग नाटकीय प्रस्तुति पेश की गयी एवं उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### टिहरी

पर्यावरण विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हे.न.ब. केन्द्रीय विश्व विद्यालय, बादशाहीथौल के पर्यावरण क्षेत्र में विशेषज्ञ प्रो. नरेश अग्रवाल का एक व्याख्यान आयोजित कराया गया। श्री यू.के. ठाकुर महाप्रबंधक (स्टेज प्रथम) द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रो. अग्रवाल ने इस वर्ष के विश्व पर्यावरण थीम "Beat Air Pollution" पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वातावरण में उपस्थित जीवन दायनी ऑक्सीजन के महत्व को समझाते हुए सभी उपस्थित कर्मचारियो व अधिकारियों से अपील की कि पर्यावरण को सुरक्षित करना अपना नैतिक कर्तव्य समझें तथा वाहनों को पूल में इस्तेमाल करें, साथ ही अपने आस–पास वायु प्रदूषण रोकने का प्रयास करें तो निश्चित




तौर पर हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ पर्यावरण, वातावरण देने में अपना अहम योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर टीएचडीसी के अधिकारी व कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग साधना

## 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविरों का आयोजन



### ऋषिकेश

ऋषिकेश में 21 जून, 2019 को टीएचडीसी सामुदायिक भवन में 5वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री डी.वी. सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग की शपथ दिलाई। इस योग शिविर में श्री सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सिंह ने भी योग किया।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी) श्री एच.एल. अरोड़ा, मुख्य सर्तकता अधिकारी, श्री बी.पी. गुप्ता, मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री जे.बेहरा, कार्यपालक निदेशक (डिजाईन) श्री राजीव विश्नोई, कार्यपालक निदेशक (सामाजिक व पर्यावरण/मा.सं.वि.) श्री एच.एल. भारज सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग अभ्यास किया।

उक्त कार्यक्रम में पंतजलि रिसर्च फाउन्डेशन से श्री कुमार गर्न्धव द्वारा योग के "दैनिक जीवन में महत्व व सकारात्मक प्रभावों" पर एक व्याख्यान दिया गया। इसके उपरांत द्वितीय पाली में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री सिंह ने रसमंजरी सभागार में अन्य अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके अनेक योग संबंधी कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अधिकारियों




व कर्मचारियों, टी.ई.एस. हाई स्कूल, ऋषिकेश के बच्चों एवं पंतजलि योगपीठ के बच्चों द्वारा अपनी विभिन्न योग क्रियाओं की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में टीएचडीसीआईएल के अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### टिहरी एचईपी

टिहरी परियोजना कार्यालय भागीरथीपुरम में अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री एस. आर. मिश्रा ने योग दिवस का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करके किया एवं सभी उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को योग की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ ऋषिकेश से आये प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए।





## कोटेश्वर एचईपी






कोटेश्वर एचईपी में महाप्रबंधक श्री पी.के. अग्रवाल ने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को योग शपथ दिलाई। इसके पश्चात् सभी के साथ योग का अभ्यास भी किया।

## वीपीएचईपी



विष्णुगाड़–पीपलकोटी एचईपी कार्यालय में 19 जून, 2019 से 21 जून, 2019 तक योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अ.म.प्र. (विद्युत गृह), श्री पी.के. अग्रवाल द्वारा किया गया तथा उ.म.प्र. (का. एवं प्रशा.) श्री बी.के. सिंह द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को योग की शपथ दिलाई गयी।

## खुर्जा एसटीपीपी






## कौशाम्बी कार्यालय






## टीएचडीसी द्वारा मनाया गया

# प्रथम सी. एस. आर. दिवस–2019



पुस्तक 'टैन इयर्स ऑफ इनलाइटनिंग लाइव्स' का विमोचन

टीएचडीसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 09 मई को प्रथम सीएसआर दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस के प्रारंभ में समारोह के मुख्य अतिथि डा. मधुकर गुप्ता, अपर सचिव, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार व श्री डी.वी. सिंह, सीएमडी, टीएचडीसी द्वारा सीएसआर परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बन्धित उत्पादों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निदेशक (तकनीकी) श्री एच.एल. अरोड़ा, निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.पी. गुप्ता, स्वतन्त्र निदेशक श्री मोहन सिंह रावत 'गांववासी' व प्रोफेसर एम. के. पण्डित ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उत्पादों की प्रशंसा की गयी तथा आजीविका एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों हेतु राज्यकीय योजनाओं को समेकित करते हुये अधिक से अधिक लोगों के लिए लाभप्रद उत्पादों की पूर्ति की अपेक्षा की गयी।

श्री डी.वी. सिंह ने मुख्य अतिथि डा. मधुकर गुप्ता को टीएचडीसी के कार्यकलापों व हितधारकों की आवश्कताओं के अनुरूप भविष्य में सतत् सीएसआर परियोजनाओं के संचालन के संकल्प से अवगत कराया। उन्होंने यह आश्वस्त किया कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेते



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ





मुख्य अतिथि एवं सीएमडी, टीएचडीसी द्वारा संयुक्त रूप से सीएसआर परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बधित उत्पादों के स्टालो का निरीक्षण करते हुए

हुये टीएचडीसी सीएसआर के दायरे को अधिक से अधिक हितधारकों के कल्याण का कार्य करेगी।

कार्यक्रम की शुरूआत में श्री एच.एल. भारज, अधिशासी निदेशक टीएचडीसी ने समस्त सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया तथा टीएचडीसी सीएसआर यात्रा पर प्रकाश डाला।

उक्त कार्यक्रम में टीएचडीसी के 10 वर्षो के सीएसआर के कार्यो से संबंधित सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग द्वारा संकलित पुस्तक **'टैन इयर्स ऑफ इनलाइटनिंग लाइव्स'** का विमोचन भी किया गया। श्री मधुकर गुप्ता ने अपने सम्बोधन में टीएचडीसी के सीएसआर कार्यक्रमों को सर्वोत्तम में से एक बताया, जिसमें कृषकों हेतु टीएचडीसी व उत्तराखण्ड कृषि विभाग के वित्तीय सहयोग से स्थापित **फार्म मशीनरी बैंक** की स्थापना को अनोखा कार्यक्रम बताते हुये अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार दिये जाने की अपेक्षा की। टिहरी जिले के चिकित्सा सुविधा विहीन दूरस्थ क्षेत्रों में टीएचडीसी व स्वास्थ्य विभाग टिहरी द्वारा संयुक्त रूप से चलायी जा रही **टेली मेडिसन परियोजना** की भी भूरि–भूरि प्रंशसा की गयी।

डा. गुप्ता ने अपने सम्बोधन में सीएमडी टीएचडीसी से सभी कर्मचारियों व उनके परिवारों, आस–पास के समुदाय को स्वेच्छा से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं सीएसआर कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करने की अपेक्षा की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपने योगदान एवं कार्यक्रमों पर प्रस्तुतीकरण दिये गये। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (सामाजिक एवं पर्यावरण) श्री शैलेन्द्र सिंह, अपर महाप्रबन्धक श्री पी.के. नैथानी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टीईएस ऋषिकेश विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी तथा सीएसआर कार्यों में सराहनीय सहयोग हेतु टीएचडीसी के अधिकारियों एवं संस्था प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। श्री शैलेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक झलक

# हर्षोल्लास से मनाया गया कारपोरेशन

12 जुलाई, 2019 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का 32वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश, टिहरी एचईपी, कोटेश्वर एचईपी, वीपीएचईपी, खुर्जा एसटीपीपी, दुकवां एसएचपी, कोशाम्बी तथा अन्य सभी कार्यालयों में कारपोरेशन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ऋषिकेश में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह ने टीएचडीसी का ध्वज फहराया तथा उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। श्री सिंह द्वारा जारी संदेश सभी कार्यालयों में प्रशासनिक प्रमुखों द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष पढ़ा गया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।






12 जुलाई को कारपोरेशन के 32वें स्थापना दिवस पर श्री डी.वी. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक ने रसमंजरी हाल के प्रांगण में सुबह 10:55 बजे टीएचडीसीआईएल का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। रसमंजरी हाल में श्री सिंह के साथ निदेशक (तकनीकी) श्री एच.एल. अरोड़ा, निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.पी. गुप्ता तथा इनकी धर्मपत्नियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. विश्नोई, श्री एच.एल.भारज, अपर महाप्रबन्धक श्री एन.के. प्रसाद एवं उप महाप्रबन्धक डॉ. ए.एन.तिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर उपस्थित टीएचडीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों को संबोधित करते हुए श्री डी.वी. सिंह ने कॉरपोरेशन की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। विस्तृत संदेश पत्रिका में प्रकाशित है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में अलंकार ग्रुप, राजस्थान ने कालबेरिया, चरी व भवई नृत्य एवं वाईब्रेशन डांस ट्रुप, दिल्ली ने शिव रूद्र तांडव, मीरर डांस एक्ट व डबल फेस एक्ट के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। कॉरपोरेट संचार विभाग द्वारा निर्मित टीएचडीसी की उपलब्धियों से संबंधित एक विडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।











# का 32वां स्थापना दिवस

THDCIL Celebrates 32 FOUNDATION DAY










निदेशक तकनीकी श्री एच.एल. अरोड़ा तथा कार्यपालक निदेशक श्री एच.एल. भारज को उत्कृष्ट योगदान के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया








टीएचडीसी अवार्ड एवं रिवार्ड स्कीम के अंतर्गत विजेता अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट इम्पलाई अवार्ड में अधिकारी वर्ग की श्रेणी में श्री बी.के. रतुड़ी, प्रबन्धक, श्री टी.एस. नेगी, उप प्रबन्धक एवं श्री  एन.एस. अधिकारी को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी व कामगार वर्ग की श्रेणी में श्री सुरेश प्रसाद जखमोला, श्री सुरेश वर्मा व श्री गबर सिंह बागड़ी को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड से पुरस्कृत किये गये। सुझाव मेले में प्रथम पुरस्कार श्री लाल सिंह गुनसोला को प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण तथा अच्छे कोर्सो व संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें सर्वश्री काव्य चमोली, ईतिशा पंवार, शुभांकर विश्वनाथ, ज्योति रावत, अंशिका अग्रवाल, अंश त्यागी, कॉशतुभ गर्ग, श्रीष्टि चौहान, नंदनी नौटियाल, अंशी भल्ला, शैलजा वधवा एवं अंजली रावत को पुरस्कृत किया गया।








# 32वां स्थापना दिवस...

## टिहरी एचईपी





श्री डीके घडोनी, कार्यपालक निदेशक (टी.सी.) टिहरी एचईपी में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा जारी कारपोरेशन के 32वें स्थापना दिवस संदेश को अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष पढ़ते हुए तथा पुरस्कार वितरण करते हुए। टिहरी में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक झलक।



## नई परियोजनाएं



नई परियोजनाएं कार्यालय नई टिहरी में कारपोरेशन के 32वें स्थापना दिवस की एक झलक



## कोटेश्वर एचईपी











महाप्रबंधक (परियोजना) श्री पी.के. अग्रवाल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह का स्थापना दिवस संदेश पढ़ते, झंडा फहराते तथा पुरस्कार वितरण करते हुए

## वीपीएचईपी











महाप्रबंधक (परियोजना) श्री सु.के. सक्सेना अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह का स्थापना दिवस संदेश पढ़ते, झंडा फहराते हुए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक झलक

# 32वां स्थापना दिवस...

## ढुकवां एसएचपी





महाप्रबंधक (परियोजना) श्री एच.के. वाधवा ढुकवां एसएचपी में टीएचडीसी का झंडा फहराते हुए तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच रस्सा–कसी प्रतियोगिता का एक दृश्य

## एनसीआर कार्यालय कौशाम्बी



महाप्रबंधक (एनसीआर) श्री यू.सी. कनौजिया टीएचडीसी का झंडा फहराने के बाद अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा जारी स्थापना दिवस संदेश पढ़ते हुए

## खुर्जा एसटीपीपी



महाप्रबंधक (परियोजना) श्री श्री एस.पी. सिंह खुर्जा एसटीपीपी में टीएचडीसी का झंडा फहराते हुए, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का स्थापना दिवस संदेश पढ़ते हुए तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम देखते हुए



# आतंक विरोधी दिवस

गृह मंत्रालय एवं विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार टीएचडीसीआईएल के कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश, टिहरी, कोटेश्वर, पीपलकोटी, ढुकवां परियोजनाओं एवं अन्य कार्यालयों में दिनांक 21 मई 2019 को पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आंतकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई गई।

## ऋषिकेश



निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल अधिकारियों व कर्मचारियों को आंतकवाद विरोधी शपथ दिलाते हुए

## कोटेश्वर एचईपी



केएचईपी में महाप्रबन्धक (परियोजना) श्री पी. के. अग्रवाल अधिकारियों व कर्मचारियों को आंतकवाद विरोधी शपथ दिलाते हुए

## टिहरी एचईपी




टिहरी एचईपी में अधिशासी निदेशक (टी. सी.) श्री एस. आर. मिश्रा अधिकारियों व कर्मचारियों को आंतकवाद विरोधी शपथ दिलाते हुए

## शपथ

"हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूजबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

## वीपीएचईपी

अ.म.प्र. (नियोजन) श्री ऐ.के. गोयल अधिकारियों व कर्मचारियों को आंतकवाद विरोधी शपथ दिलाते हुए





# All Major Contract Packages in the are Handled by the

*GM (Corporate Contract) Sh. Sandeep Singhal highlights the important activites of the department with special focus on expertise in procurements of all kinds and centralized policy making on contractual matters at the Corporate Level in THDCIL during discussion on a cup of tea with Sh. Kapil Deo Prasad Dubey, Sr. Manager (Corporate Communication).*

*The discussion hightlights the importance, working, specialization, establishment of Contract Management System in THDC and managing tendering process of all major contracts for timely procurement of works, goods and services through selection of most suitable contractors in cost effective manner. The interview also reflects the guidelines, policies & directives issued from time to time by the Ministry, CVC and Court Orders.*



*Sh. Sandeep Singhal, GM (Corporate Contract), right, and Sh. K.D. P. Dubey, Sr. Mgr. (CC/PR) during discussion*

*Q. Let us know the importance of the Corporate Contract Department in any PSU with special reference to THDCIL.*

**Ans:** Corporate Contract Deptt. is supposed to be having expertise in procurements of all kinds and centralized policy making w.r.t. contractual matters at the Corporate Level. This deptt. reports directly to CMD. As per the work distribution policy of the Corporation, all Contract packages requiring intense engineering coordination/ specialized engineering knowledge are allocated to Corporate Contract Deptt. Besides this, all Contracts which as per DoP (Delegation of Powers) falls within the power of CMD or Board of Directors for award are necessarily dealt by Corporate Contract Deptt. Thus, you can say that all major Contract packages in the Corporation are handled by this deptt., which makes it one of the key departments. This department also interacts with various outside agencies (National / International) which helps in projecting the good image of the corporation to the outside world.

**Q. Kindly highlight the important functions of the Corporate Contract department of THDCIL.**

**Ans:** The Important functions of Corporate Contract Department includes establishment of best Contract Management System in THDC and managing tendering process of all major contracts for timely procurement of works, goods and services through selection of most suitable contractors in cost effective manner. Apart from above, functions of this department also includes formulation and review of policies related to procurement of works / goods and services as per the latest guidelines issued by the Mininstry / CVC from time to time.

This department is also supposed to ensure proper database management related to contracts. In addition to above, this department also ensures implementation of the Govt. policies / guidelines related to procurement from Micro & Small Enterprises (MSEs) and Make In India requirements across all the units of the corporation.

*Q. What are the main steps in finalization of Tenders that can be followed by other departments of the Corporation for their concerned tenders in process of day to day works/procurements?*

**Ans:** Generally, the main steps in finalization of Tenders and Award of work to the selected contractor / agency for execution are as below:

**Step-1 Preparation of bidding documents :**

It comprises of "Instruction to Bidders" for participation

# Corporate Contract Department

in Tender, "Prequalification Requirements" (e.g. Financial capability and Technical experience of the bidders set by following CVC guidelines, specific work requirements and adequacy of expected competition etc.), "General Conditions of Contract" which emanates from the provisions made in procurement policies and procedures of the Corporation, "Special Conditions of the Contract" specific to the particular contract, "Technical Specifications" of works / goods, "Drawings" of Works (if any) and "Bill of quantities" etc.

**Step- 2 : Invitation for bids :**

Invitation of bids is done by publishing e-tender notice on Central Public Procurement Portal and in leading national / regional newspapers to ensure adequate publicity. However, in case of International Competitive Bidding (ICB), copies of tender notice may also be sent to Indian Embassies abroad or Foreign Embassies in India for wide publicity.

**Step-3: Pre-Bid Conference/Clarification & Amendment:**

In case of complex and costly procurement, prospective bidders are given an opportunity to seek clarification related to the provision of bidding documents before submission of bids. Date, time and place of pre-bid conference should be indicated in the tender document. Necessary clarification / amendment to the various queries raised in the pre-bid meeting are issued to the bidders through e-tendering portal before bid submission.

**Step-4: Submission, Receipt and Opening of Bids:**

Bidding period is decided depending upon the nature, magnitude and complexity of work involved so that the bidders have sufficient time for preparation of their bids. As per the policy of the Corporation, the time for submission of bids shall not be less than 30 days for open tender, 21 days for limited tender and 10 days for single tender. However, it can be increased in case of ICB or reduced in case of urgency.

In order to ensure transparency, bids are opened by a designated tender committee in the presence of bidder's representatives. Minutes of bid opening are also prepared and signed by all present.

**Step-5 : Evaluation of Bids:**

(a) First of all preliminary evaluation / initial scrutiny of all the bids is carried out to verify the compliance / fulfillment of basic requirements as incorporated in the tender documents. Bids which are found O.K. after preliminary evaluation are considered for detailed evaluation.

(b) Under detailed evaluation, examination of the bids is carried out w.r.t. the prequalification requirements and Techno-Commercial requirements specified in the tender documents. Techno-Commercial Evaluation consists of (i) checking the coverage of entire scope of work, methodology for execution of work, construction / supply schedule, equipment / manpower deployment schedule etc. proposed by the bidders w.r.t. the bidding requirements and (ii) checking of EMD, validity of the bids, authority of person submitting the bids, eligibility requirements, deviations if any in the bid etc.

